बिहार में विभिन्न कोयला क्षेत्रों में कोयले का उत्पादन

1245. **श्री जनार्दन यादव** : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान बिहार के विभिन्न कोयला क्षेत्रों में कोयलें का वर्ष-वार कितना उत्पादन हुआ;

(ख) लालमटिया में खनन कार्य आंरभ होने के बाद कोयले का कितना उत्पादन हो रहा हैं;

(ग) सरकार ने बिहार, उड़ीसा और मध्य प्रदेश में विभिन्न किस्मों के कोयले के उत्पादन में वृद्वि करने हेतु क्या उठाए हैं;

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना के लिए इस संबंध में क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे; और

(ङ) उक्त लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह) : (क) पिछले तीन वर्षो के दौरान बिहार में स्थित खानों में हुए कोयले का उत्पादन नीचे दर्शाया गया हैं;-

(मिलियन टन में)

1994-95	1995-96	1996-97 (अनतिम)
72.41	74.53	77.58

(ख)लालमटिया क्षेंत्र में राजमहल ओपनकास्ट खान से उत्पादित कोयले की गुणवत्ता "डी" तथा "एफ" ग्रेड की हैं।

(ग) बिहार, उड़ीसा तथा मध्य प्रदेश राज्यों में कोयले के उत्पादन में वृद्वि किए जाने हेतु निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

(i) आधुनिकीकरण, नई प्रौघोगिकियों का उपयोग करके और निवेश तथा संरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित किए जाने के द्वारा विद्यमान खानों में उत्पादकता तथा कार्य कुशलतास को बढ़ाया जाना तथा नई खानों का खोला जाना।

(ii) पूंजी बाजार से अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों का जुटाया जाना सुनिश्चित करने के लिए, जोकि नई कोयला उत्पादन क्षमता को बढ़ाए जाने के लिए अपेक्षित हैं, कोल इंडिया लि. के पूंजीगत आधार की पुनर्सरचना कर दी गई हैं।

(iii) ऐसे कोयला क्षेत्रों में, जहा उत्पादन में वृद्वि किए जाने की संभावना हैं, परिवहन संबंधी अवरोधों को समाप्त किए जाने हेतु रेलवे के साथ निरन्तर रूप में समन्वय कार्रवाई की जा रही हैं

(iv) धुले हुए कोककर कोयले की उपलब्धता में वृद्वि किए जाने हेतु नई वाशरियों के निर्माण के साथ-साथ विद्यमान वाशरियों का आधुनिकीकरण किया जा रहा हैं।

(v) संबध राज्य सरकारों की परियोजनाओं हेतु अपेक्षित वन भूमि के स्थानन्तरण सहित लंबित पड़े भूमि संबंधी मामलो में त्वारिता से अधिग्रहण किया जाना

(घ) को.इ.लि. की सहायक कंपनियों हेतु आठवी पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष, अर्थात् वर्ष 1996-97 के लिए निर्धारित कोयला के उत्पादन लक्ष्य नीचे दिए गए हैं:-

(मिलियन टन में)

कंपनी	राज्य	
ईकोलि	बिहार और पश्चिम बंगाल	31.50
भाकोकोलि	बिहार और पश्चिम बंगाल	29.50
सेकोलि	बिहार	35.20
नाकोलि	मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश	37.00
वेकोलि	महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश	29.50
साईकोलि	मध्य प्रदेश	52.50
नाईको	असम	0.80
मकोलि	उड़ीसा	36.00
को.इ.लि.		252.00

(ड़) को.इ.लि. के लक्षित उत्पादन को प्राप्त किए जाने हेतु सभी प्रयास किए गए तथा वर्ष 1996-97 हेतु 252 मिलियन टन के लक्ष्य की तुलना में 25065 मिलियन टन (99.46%) उपलब्धि प्राप्त की गई।